संसारी समस्याहारी: शृंखला

सीज़न 2: तूफ़ानी शक्ति

कथानक

gpstheseries.com

एपिसोड 2.1
तूफ़ान

शीर्षक: केप वर्दे के पास अटलांटिक महासागर में, अफ़्रीका

केलील

एड्रियन, बेला, तुमने हवा के बारे में कुछ अजीब लगा?

बेला

मेरे अल्ट्रासोनिक सैन्सर िदखा रहा हैं कि हवा गोल-गोल घूम रही है। यह तो बड़े से हिंडोले जैसा है।

एड्रियन

मैं ज़्यादा देर नही िटक पाऊँगा। अरे! टीम, थोड़ी सी मदद मिलेगी?

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.1: तूफ़ान।

केलील

वाह, पानी तो सच में गर्म है। तुम ठीक हो एड्रियन?

एड्रियन

जब मुझे हवा ने धकेला, तो शायद मेरी एड़ी में मोच आ गई।

बेला

मैं हवा का डेटा एयरशिप में भेज रही हूँ। माया, तुम्हें क्या लगता है?

माया

हवा के पैटर्न में ट्रॉपिकल दबाव के लक्षण हैं। यह दबाव अटलांटिक महासागर पार करते-करते तूफ़ान में भी बदल सकता है।

सातोशी

कोई हवा तूफ़ान में बदल जाती है? ऐसा कैसे होता है?

क्रिस्टीना

ये देखो। मेरी दोस्त आइवी स्टॉर्मकैचर का इंटरनेट पर मौसम के बारे में एक जाना-माना शो है। उसने अभी अमेरिका से एक वीडियो अपलोड किया है।

आइवी

दोस्तों, मैं आइवी स्टॉर्मकैचर हूँ। मैं टैम्पा, फ़्लोरिडा में अपनी दादी के पास हूँ। मगर अफसोस, जब मैं रास्ते में थी, तभी तूफ़ान आ गया! ये कुछ दिन पहले शुरू हुआ, इसके कारण घरों में पानी भर गया है और बिजली भी कट गई है। तूफ़ान को एक इंजन समझो, जिसका ईंधन गर्म और गीली हवा है। जब गर्म हवा इंजन को ईंधन देती है, तो उसकी जगह घूमती हुई नई हवा आती है। अगर आँधी में हवा की स्पीड 120 किमी प्रति घंटा या ज़्यादा हो जाए तो तूफ़ान आता है।

क्रिस्टीना

रिपोर्ट के अनुसार टैम्पा में आने वाले तूफ़ान की स्पीड 210 किमी प्रति घंटा से ज़्यादा थी।

माया

काश मैं किसी तरह मदद कर पाती।

आइवी

क्रिस्टीना? मैं आइवी!

क्रिस्टीना

हम बस अभी-अभी तुम्हारा पिछला वीडियो देख रहे थे। तुम और तुम्हारी दादी ठीक हो?

आइवी

हम ठीक हैं, लेकिन टैम्पा में काफ़ी नुकसान हुआ है। फ़ोन बंद होने वाला है।

क्रिस्टीना

अच्छा, तो बताओ, तुम्हें क्या चाहिए?

आइवी

तूफ़ान के बाद लोग एक साथ फिर से सब कुछ नए सिरे से बनाने में लगे हुए हैं। लेकिन फिर भी एक बड़ी समस्या है। पता है, स्कूल ... टीचर ... उससे बच्चे

क्रिस्टीना

आइवी, आवाज़ कट रही है। क्या तुम हो वहाँ? आइवी के फ़ोन की बैटरी ख़त्म हो गई। वो कह रही थी कि स्कूलों में कोई दिक्कत है।

माया

सबसे पहले टैम्पा जाकर समस्या का पता लगाना चाहिए।

क्रिस्टीना

मैं टीम के बाकी लोगों को बताती हूँ।

बेला

क्रिस्टीना। लगता है एड्रियन की एड़ी में मोच आ गई। शुक्र है केलील ने फर्स्ट एड किट साथ रखी थी।

केलील

मेरी दादी ने मुझे एक पुरानी अफ़्रीकी कहावत बताई थी: कवच लड़ाई के मैदान में नहीं बनाया जाता। इमरजेंसी के लिए हमें हमेशा तैयार होकर निकलना चाहिए।

एड्रियन

तुम्हारी दादी डाक्टर थीं? यह अच्छा लग रहा है!

बेला

उस फर्स्ट एड किट को पास ही रखते हैं। मुझे लग रहा है ये हमारी आखिरी इमरजेंसी नहीं होगी।

माया

बेला, अमेरिका में हमारी ज़रूरत है। टैम्पा, फ़्लोरिडा में बड़ा तूफ़ान आया है। स्कूलों में कोई दिक्कत है, पर अभी हमें उसकी पूरी जानकारी नहीं है।

बेला

हम तुरंत निकलेंगे, माया। लगता है हमारी वहाँ जरूरत है ...

माया

संसारी समस्याहारियों। चलो चलें!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.2
चुनौती

शीर्षक: टैम्पा, फ़्लोरिडा, अमेरिका

आइवी

जल्दी आने के लिए शुक्रिया दोस्तों। पिछले कुछ दिन यहाँ उथल-पुथल से भरे रहे। तूफ़ान के कारण ये मिडल स्कूल बंद है।

केलील

बरसात का पानी बिलडिंग में घुस गया?

आइवी

बरसात का पानी स्कूल के जिम में भर गया। प्रिंसिपल एंथोनी   अच्छे से बता पाएँगे।

क्रिस्टीना

तुम लोग ये देख रहे हो?

आइवी

चिंता मत करो दोस्तों। तूफ़ान की वजह से पानी ऊँचा हो जाने पर मगरमच्छ भी मनुष्यों की तरह ऊँची ज़मीन खोजते हैं।

क्रिस्टीना

स्कूल के अंदर चलते हैं।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.2: चुनौती

प्रिंसिपल एंथोनी

नमस्ते दोस्तों! आइए बैठिए।

आइवी

प्रिंसिपल एंथोनी, ये कुछ संसारी समस्याहारी हैं जिनके बारे में मैंने आपको बताया था।

केलील

आपसे मिलकर अच्छा लगा, सर। यहाँ इतने सारे कंप्यूटर क्यों हैं?

प्रिंसिपल एंथोनी

जब तूफ़ान आ रहा था तो हमने स्कूल के कंप्यूटर सबसे ऊँची क्लास में रख दिए। जब तक बिजली और इंटरनेट नहीं लौटते तब तक ये यहीं रहेंगे।

क्रिस्टीना

छात्र क्लास में कब तक लौट पाएँगे

प्रिंसिपल एंथोनी

हम्म .. कुछ समय तक तो नहीं। और हमें यह भी नहीं पता कि बिजली कब आएगी।

आइवी

अगर बच्चे स्कूल वापस नहीं आ सकते तो लोग अपना काम सामान्य ढंग से नहीं कर पाएंगे।

प्रिंसिपल एंथोनी

कभी-कभी ऐसा ही होता है आइवी। ऐसे तूफ़ान के बाद स्कूल बंद हो सकते हैं और परिवारों को शहर छोडकर जाना पड़ता है।

माया

जानती हूँ अंबा। लगता है टैम्पा को दोबारा बनने में महीनों लगेंगे।

माया

हाँ, सातोशी।

सातोशी

अभी शहर के इंजीनियरों से बात की। उनका कहना है की इतने सारे पेड़ गिर गए हैं कि बिजली कंपनी अपने तारों की मरम्मत के लिए ट्रक भी नहीं भेज सकती।

बेला

मैं बिजली कंपनी में हूँ। उन्हें पहले अस्पतालों, दमकल केंद्रों और पुलिस स्टेशनों में बिजली देनी होगी। पूरे ग्रिड के चालू होने में हफ़्तों लग सकते हैं।

माया

क्रिस्टीना, क्या तुम लोग लोकल पनाहघर में पहुँच गए?

क्रिस्टीना

हाँ माया। तूफ़ान की वजह से कई परिवार यहाँ आ गए हैं। यहाँ पर हर उम्र के बच्चे हैं। कुछ तो ज़रूर प्रिंसिपल एंथोनी के भी छात्र होंगे।

आइशा मैडम

क्या आप लोग प्रिंसिपल एंथोनी के साथ हैं? मैं उनके मिडल स्कूल के छठी कक्षा में पढ़ाती हूँ। क्या फिर से पढ़ाई शुरू करने में उन्हें मेरी मदद चाहिए?

छात्र

मुझे देखिए आइशा मैडम! मैं तूफ़ाआआआन हूँ!

आइशा मैडम

मैं भी तुम लोगों के साथ हूँ।

केलील

हमें बताइए क्लास चलाने के लिए क्या चाहिए।

आइशा मैडम

अरे ! अच्छा हुआ कि आपने पूछा। मुझे तीन चीज़ें चाहिए: एक, अपनी क्लास लेने की जगह; दो, बिजली, ताकि उजाला रहे; और तीन, इंटरनेट, ताकि क्लास को पाठ्यक्रम मिल सके और साथ में पढ़ाई कर सके।

केलील

हमने एक्सपर्ट्स से राय ले ली है।

क्रिस्टीना

अब वक़्त है समाधान निकालने का।

एड्रियन

चलो कुछ योजनाएँ बनाने के लिए एयरशिप में वापस चलते हैं।

आइवी

हैलो दादी? अरे नहीं। मैं तुरंत आती हूँ। मेरी दादी की बिल्ली है।भाग गइ है। वो काफी परेशान हैं।

एड्रियन

आशा है तुम वहाँ मगरमच्छ से पहले पहुँच जाओगी। क्या?

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.3
समाधान

आइवी

रीटा? कहाँ गई पगली। दादी, अँधेरा हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि सड़क की बत्तियों के बिना हम उसे खोज पाएँगे।

दादी

आइवी। तुम हमेशा से ही मेरी समस्याहारी रही हो। हम रीटा को ढूँढ़ तो लेंगे। देखते हैं तुम ये कमाल कैसे करती हो।

आइवी

याद है जब पिछली बार रीटा बाहर गई थी? मैंने उसके गले में एक ट्रैकिंग डिवाइस लगा दिया था।

दादी

याद है। लेकिन तूफ़ान के बाद इंटरनेट बंद है। उस डिवाइस को ट्रैक करने का कोई तरीका नहीं है।

आइवी

हाँ। । दोस्तों को कॉल करती हूँ। वे कोई हल बताएँगे।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.3: समाधान।

बेला

आइवी, मुझे पता है कि बिल्ली कहाँ है। अभी जहाँ पर हो वहाँ से तीन घर दूर।

दादी

रीटा!

आइवी

शुक्रिया बेला! रीटा ने मोहल्ले में एक जनरेटर वाला घर ढूँढ़ निकाला। इसमें बिजली है और इसलिए ताज़ा दूध भी है।

माया

सुनो संसारी समस्याहारियों। स्कूलों की मरम्मत के दौरान ही हमें कोई समाधान निकालना होगा जिससे छात्र अपनी पढ़ाई फिर शुरू कर सकें। कोई तरकीब?

एड्रियन

ठहरो। याद है जब मैं विंडसर्फ़िंग करते हुए गिर गया था?

केलील

कैसे भूल सकते हैं? हर पाँच मिनट तुम वही कहानी सुना रहे हो।

क्रिस्टीना

एड्रियन के पास कोई योजना है।

एड्रियन

शुक्रिया क्रिस्टीना। एड़ी में मोंच आने पर केलील के फर्स्ट एड किट ने फिर से चलने में मेरी मदद की। मान लो हम क्लास के लिए एक फर्स्ट एड किट बना दें तो?

अंबा चिल्लाकर नकारती है।

क्रिस्टीना

बहुत अच्छी योजना है एड्रियन। किट में लाइट भी शामिल होगी ताकि टीचर और छात्र देख सकें।

बेला

और इंटरनेट से जुड़ने के टूल भी।

सातोशी

सब कुछ एक टिकाऊ और तूफ़ानरोधी बक्से में रखा होगा।

केलील

उससे टीचर और छात्र कहीं भी क्लास चला पाएँगे।

माया

बहुत अच्छा लगा! पॉप-अप क्लास। लेकिन किट के लिए बिजली कहाँ से आएगी?

एड्रियन

अरे एयरशिप, खिड़कियाँ बंद करो!

सातोशी

किट के लिए हम सोलर पावर का इस्तेमाल करें तो?

बेला

तो लाइट, इंटरनेट हार्डवेयर और सोलर पैनल वाली एक टिकाऊ किट?

माया

संसारी समस्याहारियों, हमारे पास समाधान है। आइवी के यहाँ चलकर देखते हैं उसका क्या कहना है।

आइवी

ये पॉप-अप क्लास सोलर पावर का इस्तेमाल करेंगी?

क्रिस्टीना

हाँ। इस तरह वे किसी लोकल बिजली के सपलाइस पर बोझ नहीं डालेंगी।

आइवी

ये तो शानदार योजना है। लेकिन तूफ़ान से टैम्पा की सड़कें ख़राब हो गई हैं। हम किट के लिए आपूर्ति कैसे करेंगे?

दादी

कहा था न आइवी, तुम अपना लक्ष्य प्राप्त करोगी। और तुम्हें वहाँ पहुँचते देखना मज़ेदार है।

आइवी

शुक्रिया दादी। पूर्वी टैम्पा में एक कंपनी सोलर पैनल बनाती है। हमें सबसे पहले वहीं जाना चाहिए।

माया

चलो अलग-अलग हो जाएँ। क्रिस्टीना, सातोशी, केलील, आइवी तुम सब सोलर पैनल कंपनी में जाओ। एड्रियन और बेला, किट के लिए सामान इकट्ठा करो।

एड्रियन

रुको, अंबा कहाँ है?

दादी

रीटा ने उसे ढूँढ़ लिया!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.4
टेक्नोलॉजी

एड्रियन, बेला और आइवी की दादी, दादी के गराज के बाहर खड़े हैं। एड्रियन रेड गैस के कनस्तर से एक पोर्टेबल जनरेटर में तेल की आखरी बूँदें डाल रहा है।

एड्रियन

ये जनरेटर मैंने आपके पड़ोसी से उधार लिया है। हम इमरजेंसी क्लासरूम किट के लिए इस पावर का इस्तेमाल करके टूल बना सकते हैं।

बेला

फिर तूफ़ान से बिजली और इंटरनेट चले जाने पर भी टीचर किट का इस्तेमाल कर के क्लासें फिर से शुरू कर सकते हैं।

एड्रियन

हो गया!

एड्रियन

सोलर पावर से चलने के लिए मैं इस इंटरनेट राउटर को अलग से जोड़ रहा हूँ।

बेला

वह राउटर सेलुलर नेटवर्क से नहीं जुड़ सकता, जोकि अभी भी काम कर रहा हैं।

बेला और एड्रियन

क्या कहा?

बेला

अच्छा है कि हमारी किट सोलर पावर का इस्तेमाल करेगी। किसी भी क्लास के पास वह जनरेटर बहुत शोर करेगा।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.4: टेक्नोलॉजी।

आइवी

आइशा मैडम पूर्वी टैम्पा में सोलर पैनल की कंपनी तक हमें गाड़ी में ले जाने के लिए शुक्रिया। हमारे इमरजेंसी क्लासरूम किट में बिजली देने के लिए ये पैनल ज़रूरी हैं।

आइशा मैडम

मेरे छात्र उस छोटे से पनाहघर में बहुत समय से हैं, अब वे सामान्य जनजीवन में वापस आने को बेताब हैं। पता है एक छात्र ने उस दिन क्या कहा? “आइशा मैडम, क्या तूफ़ान के बाद भी आप मेरे परिवार के साथ रहेंगी?” मैंने कहा कि ...

केलील

मैडम?

आइशा मैडम

इस सड़क पर मेरी कार नहीं चल पाएगी। हमें एक नाव चाहिए।

सातोशी

मिल गया! अगर ये गाड़ी पानी में नहीं चलेगी, तो ऐसी लेकर आते हैं जो चल सके। आइवी, तुम्हारी आंटी एयर फ़ोर्स में काम करती हैं न?

आइवी

अच्छा दिमाग लगाया सातोशी। आंटी शेर-अह, कप्तान शेरी, प्लीज़।

कप्तान शेरी

परीक्षण विमान टैम्पा के ऊपर 9 बजे से उड़ेंगे! हेलो?! अरे आइवी कितना समय हो गया। हाँ, बिल्कुल, मुझे लगता है मैं तुम्हें पानी में चलने वाला वाहन दिला सकती हूँ, खास कर के अगर इससे क्लासें फिर से चालू हो जाती हैं तो। मैं अभी आई।

क्रिस्टीना

कप्तान शेरी, सोलर पावर कंपनी ठीक सड़क पर बाईं ओर है।

बेला

इन सोलर पैनलों में कुछ वक़्त लग रहा है.... तुमको बादलों में क्या दिख रहा है, एड्रियन?

एड्रियन

मुझे साइकिल चलाता मगरमच्छ दिख रहा है।

बेला

अरे रुको, वो बादल तो हमारे किसी जानने वाले के जैसे लगता हैं!

कप्तान शेरी

चलो संसारी समस्याहारियों। जल्दी करो।

क्रिस्टीना

पैनलों को लॉन पर रखो। थोड़ा इंतज़ार कर के देखते हैं कि सोलर पावर से किट में बिजली आती है कि नहीं।

बेला

सोलर पैनल से काफ़ी कम बिजली मिल रही है। इससे राउटर मुश्किल से चल! पाएगा।

केलील

यह सूरज पर छाने वाले बादलों के कारण है।

आइवी

अगर किट सूरज से पावर इकट्ठा कर सके तो सूरज की रोशनी न होने पर भी इसमें बिजली होगी?

एड्रियन

अच्छी योजना है आइवी! मैं किट में सोलर-प्लस-स्टोरेज बैटरी जोड़ देता हूँ।

सातोशी

इन बैटरियों में दस घंटों तक का पावर इकट्ठा हो सकता है!

संसारी समस्याहारी

वाह!

केलील

मुझे चिंता हो रही है। एक ही किट की आपूर्ति में हमें इतनी मुश्किल हुई। हम पूरे शहर के टीचरों को किट कैसे पहुँचाएंगे?

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.5
व्यापार योजना

आइवी
क्रिस्टीना, तूफ़ान से इतनी सारी सड़कों पर पानी भर गया है। हम टीचरों तक अपनी इमरजेंसी किट कभी नहीं ले जा पाएँगे।

क्रिस्टीना
आइवी, आंटी शेरी मदद करेंगी? क्या एयर फ़ोर्स के पास और भी पानी में चलने वाले वाहन नहीं हैं?

आइवी
हाँ, मैंने पूछा। उनका इस्तेमाल ज़रूरतमंद लोगों तक खाना और पानी ले जाने में हो रहा है।

क्रिस्टीना
तुम टैम्पा कई बार गई हो। क्या वहाँ कोई है जो मदद कर सके?

क्रिस्टीना
हम्म ...

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.5: व्यापार योजना

आइवी
बचपन में, मेरे दादा-दादी मुझे टैम्पा की "मॉन्स्टर ट्रक शोडाउन" में ले जाते थे। स्टेडियम में भीमकाय ट्रक दौड़ लगाते और करतब करते हैं। मेरे पसंदीदा ट्रक का नाम लाइटनिंग बोल्ट था। मुझे तब भी मौसम से जुड़ी हर बात अच्छी लगती थी। वो ट्रक तूफ़ान की तरह एकदम तेज़ भागता था! वो बड़े-बड़े ट्रक कहीं भी चल सकते हैं। और तूफ़ान की वजह से मॉन्स्टर ट्रक शोडाउन के कैंसल हो जाने से शायद उनके ट्रक उपलब्ध भी हों। वो पूरे टैम्पा में हमारी इमरजेंसी क्लासरूम किट ले जा सकते हैं।

माया
अच्छा विचार है आइवी। पर हम ट्रकों, ड्राइवरों और ईंधन के पैसे कैसे देंगे?

क्रिस्टीना
यही तो मेरी व्यावसायिक भावना का असली टेस्ट है। उम्मीद है कि मॉन्स्टर ट्रक शोडाउन को हमारी मदद करने का महत्त्व पता चलेगा। उनके ट्रक जब टैम्पा में किट पहुँचाएँगे तो वो शोडाउन का प्रचार भी तो कर रहे होंगे। शोडाउन दोबारा शुरू होने पर आने वालों की संख्या बहुत बढ़ जाएगी।

सातोशी

अब हमें सिर्फ किट ख़रीदने के लिए फ़्लोरिडा के शिक्षा विभाग की मदद मिल जाए। फ़िर हमारे पास एक पक्की योजना होगी।

क्रिस्टीना

मैं किट बनाने, बेचने और पहुँचाने की व्यवसाय योजना बनाती हूँ। हम शोडाउन और फ़्लोरिडा के एजुकेशन कमिश्नर को योजना पर राजी करने में इसका इस्तेमाल करेंगे।

संसारी समस्याहारी

बस बहुत हुआ अंबा!

माया

आइवी और केलील, शोडाउन के मैनेजर से मिलो। एड्रियन और बेला, एजुकेशन कमिश्नर से बात करो। चलो चलें, संसारी समस्याहारियों!

शीर्षक: मिस्टर रणबीर, शोडाउन मैनेजर

मिस्टर रणबीर

बोन क्रशर, एग्ज़ीक्यूशनर से मिलो! घर्रर्रर। वाह! भीड़ पागल हो जाती है!

केलील

मिस्टर रणबीर?

मिस्टर रणबीर

ओह, माफ़ करो। मैं आपकी क्या मदद करूँ? अब जब पूरा शहर पानी में डूबा है, मेरे पास समय ही समय है।

आइवी

हमारी योजना आपकी समस्या हल कर सकती है। और हमारी भी।

मिस्टर रणबीर

ठीक है, तो आइडिया क्या है!

शीर्षक: कमिश्नर गार्डनर, शिक्षा विभाग

कमिश्नर गार्डनर

मैं बिजली कंपनी से बात कर रही हूँ। उनका कहना है कि स्कूलों में बिजली आने में अभी हफ़्तों लगेंगे!

बेला

हम्म... कमिश्नर गार्डनर?

कमिश्नर गार्डनर

ओह, माफ़ करना। क्या बताया तुम बच्चे कहाँ से आए हो?

एड्रियन

हम टैम्पा से आए हैं।

कमिश्नर गार्डनर

टैम्पा? वहाँ पर तूफ़ान से पढ़ाई पूरी तरह बंद हो गई है।

बेला

हम लोग यहाँ पर एक हल लेकर आए हैं।

कमिश्नर गार्डनर

अच्छा। ज़रा सुने तो!

माया

बेला, फ़्लोरिडा की एजुकेशन कमिश्नर के साथ कैसा चल रहा है?

बेला

वो टैम्पा के हर पनाहघर के लिए किट ख़रीदने को राज़ी हैं।

माया

बहुत ख़ूब! केलील, मॉन्स्टर ट्रक शोडाउन में कैसा चल रहा है?

केलील

बहुत ख़ूब। शोडाउन हमारे किट बांटने के लिए राज़ी हो गया है। शुक्र है कि ड्राइवर भी वही देंगे।

आइवी

ये!

मिस्टर रणबीर

याहूऊऊऊ!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.6
परीक्षण और सुधार

माया

मैं काफी उत्सुक हूँ। एक असली क्लास में इमरजेंसी क्लासरूम किट का पहला परीक्षण।

एड्रियन

क्या गड़बड़ हो सकती है? ऑहहह!

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.6: परीक्षण और सुधार

बेला

अभी तक सब ठीक-ठाक रहा। उमड़ते हुए बादलों के बावजूद, क्लास में उजाले और इंटरनेट के लिए सोलर पैनल लगातार पावर प्रदान कर रहे हैं।

केलील

एक और लाभ: प्रकृति के बीचों बीच, यह ताज़ी हवा और सुहानी आवाज़ें।

क्रिस्टीना

सीखने के लिए दोनों ही बहुत ज़रूरी हैं।

आइशा मैडम

तो बच्चों, फ़्लोरिडा प्रायद्वीप है या संयोग भूमि?

छात्र

क्या कहा आपने, आइशा मैडम?

आइशा मैडम

मैंने कहा, फ़्लोरिडा ... प्रायद्वीप है ... या संयोग भूमि?

बेला

ये क्या ...

बेला

सुनिए! इलेक्ट्रॉनिक आरी के साथ आपका काम कब ख़त्म होगा?

मजदूर

माफ़ करें, तूफ़ानी हवाओं ने ये शाखाएँ कमज़ोर कर दी हैं। इससे पहले किसी को चोट लगे, मुझे उनको काटना पड़ेगा। दोपहर तक काम ख़त्म होगा।

बेला

मुझे लगता है हम तब तक इंतज़ार कर सकते हैं। या नहीं।

केलील

हमने क्लास के लिए बिजली और इंटरनेट तो दिए, लेकिन कोई सही जगह नहीं दी जहाँ क्लास संपन्न हो सके।

क्रिस्टीना

किसी प्राकृतिक दुर्घटना के बाद सही जगह का मिलना इतना आसान नहीं।

सातोशी

हमें थोड़ा सोचना होगा।

छात्र

मैं तूफ़ाआआआन हूँ!

सातोशी

आइशा मैडम, पनाहघर में चादरों और बाकी चीज़ों की आपूर्ति कैसे होती है?

आइशा मैडम

तूफ़ान शुरू होने के पहले ही ट्रक उन्हें पहुँचा देते है।ढोने वाले कंटेनर अभी भी बाहर पड़े हैं।

केलील

सुनिए सर। खाली होने के बाद अब इन सामान ढोने वाले कंटेनर का क्या होगा?

सहायता कर्मी

जब तक परिवार पनाहघर से घर नहीं चले जाते, ये यहीं रखे रहेंगे। फिर पनाहघर के सामान को कंटेनरों में दोबारा भरा जाएगा, और फिर इन्हें एक ट्रक उठा कर ले जाएगा।

सातोशी

तो आपका कहना है कि जब तक पनाहघर में परिवार हैं, यहाँ पर बगल में ही एक खाली, सुरक्षित, सूखी और शांत जगह मौजूद है?

एड्रियन

पता नहीं सातोशी क्या सोच रहा है...

माया

बहुत बढ़िया संसारी समस्याहारियों। शाबाश!

बेला

हमारी इमरजेंसी क्लासरूम किट इतनी मोबाइल है कि हमने जल्द ही जगह बदल दी।

एड्रियन

और हमारे सोलर पैनल अपना चार्ज इकट्ठा कर सकते हैं, किसी को परेशान किए बिना।

क्रिस्टीना

ये हमारी टेक्नोलॉजी का अच्छा परीक्षण था।

केलील

हर पनाहघर के पास में कंटेनर हैं, यानी एक सही जगह जहाँ हमारी टेक्नोलॉजी प्रभावी ढंग से इस्तेमाल की जा सकती है।

आइवी

हेलो?

मिस्टर रणबीर

मिस स्टॉर्मकैचर? क्या आपके इमरजेंसी क्लासरूम किट भेजे जाने के लिए तैयार हैं? ये बहुत समय से शांत खड़े हैं, ये बच्चों को खुश करने के लिए तैयार हैं।

आइवी

रुकिए मिस्टर रणबीर। संसारी समस्याहारियों, क्या हम किटों को टैम्पा के पनाहघरों तक पहुँचाने के लिए तैयार हैं?

माया

चलो चलें!

शीर्षक: जारी रहेगा...

एपिसोड 2.7
सामाजिक व्यवसाय का जन्म

आइवी

तूफ़ान को ट्रैक करने वाले सभी लोगों को हेलो! मैं हूँ आइवी स्टॉर्मकैचर। टैम्पा, फ़्लोरिडा में एक भयानक तूफ़ान आने के बाद मैं कई हफ़्तों बाद वापस लाइव आई हूँ। मैं एयर फ़ोर्स कप्तान, आंटी शेरी के साथ शहर के ऊपर उड़ रही हूँ।

कप्तान शेरी

शहर तूफ़ान से ठीक से उबर रहा है। सड़कें साफ़ हैं, बिजली वापस आ गई है, और स्कूल फिर से खुल गए हैं।

आइवी

स्कूल बंद थे तो टीचरों ने एक इमरजेंसी क्लासरूम किट का इस्तेमाल कर के पढ़ाया, जिसे मेरे दोस्तों और मैंने बनाया।

कप्तान शेरी

क्या आपको लगता है कि किट काम की थी?

आइवी

संसारी समस्याहारी उस सवाल के जवाब के लिए खुद का डेटा इकट्ठा कर रहे हैं। बस अगर वे वीडियो गेम न खेल रहे हों, तो।

शीर्षक: संसारी समस्याहारी। 2.7: सामाजिक व्यवसाय का जन्म।

माया

बेला और सातोशी, तुम दोनों को हमारे किट के प्रभाव पर डेटा इकट्ठा करना है।

बेला

हम कर रहे हैं माया। हम तो स्कूल ख़त्म होने के बाद केलील से मिलने का इंतज़ार कर रहे हैं।

सातोशी

जबसे उन मॉन्स्टर ट्रकों ने पूरे टैम्पा में हमारे किट पहुँचाए हैं, हमें तो ट्रकों से प्यार हो गया है।

माया

तुमने अभी तक क्या डेटा इकट्ठा किया है?

सातोशी

एड्रियन बताता है कि टीचरों के लिए किट को जोड़ना और उनसे काम करना बहुत आसान रहा।

बेला

इससे बहुत कुछ पता चलता है, क्योंकि टेक्नोलॉजी हमेशा आसान नहीं होती।

शीर्षक: टीचर्स लाउन्ज

सातोशी

क्रिस्टीना बताती है कि तूफ़ान के बाद भी क्लासें के चलने से माता-पिता ख़ुश थे। अफ़रा-तफ़री भरे समय में भी बच्चों को सामान्य माहौल मिला।

बेला

हालाँकि माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल में वापस देखकर भी ख़ुश हैं।

माया

रुको, मुझे केलील कुछ बता रहा है।

केलील

प्रिंसिपल एंथोनी बताते हैं कि स्कूल न होते हुए भी बच्चों की पढ़ाई पीछे नहीं छूटी है।

माया

बेहद अच्छी ख़बर केलील। अब हमें अपने सामाजिक व्यवसाय के बारे में लोगों को बताना है। किसी सामाजिक समस्या के समाधान की कोशिश करने वाला व्यवसाय सामाजिक व्यवसाय है, जैसे हमने अपने इमरजेंसी क्लासरूम किट से किया था।

मिस्टर रणबीर

कैसी हो माया? मैं हूँ मिस्टर रणबीर, मॉन्स्टर ट्रक शोडाउन का मैनेजर। तुम्हें कभी यकीन नहीं होगा। हमारे ट्रकों द्वारा तुम्हारे किट पहुँचाने से लोग काफी उत्साहित हैं, वे हमारे पहले कार्यक्रम के लिए लाइन में लगे हैं। हमने इसे “बैक टू स्कूल बोनान्ज़ा” नाम दिया है। क्या हम किट की ख़ुशी मना सकते हैं?

माया

हाँ, वो प्रचार का अच्छा तरीका होगा।

मिस्टर रणबीर

ठीक है। मैं जा रहा हूँ। काफ़ी काम हैं!

मिस्टर रणबीर

अध्यापकों और छात्रों, बैक टू स्कूल बोनान्ज़ा में आपका स्वागत है। आज हमारे पास एक बिल्कुल नया ट्रक है, और उसके उद्घाटन के लिए कुछ बेहद ख़ास मेहमान। संसारी समस्याहारियों के साथ आ रही द हरिकेन के लिए ताली बजाएं।

शीर्षक: द हरिकेन

मिस्टर रणबीर

वे स्कूलों की मरम्मत के दौरान उन्होंने क्लासें शुरू करने में मदद की। अब समय है द हरिकेन की पहली लड़ाई का। प्रतियोगी है ... संसारी समस्याहारियों की इमरजेंसी क्लासरूम किट। उस किट में खरोंच तक नहीं आई। किट जीत गई!

माया

हाँ, हेलो? कहाँ हमारी ज़रूरत है? भारत? टीम, हमारे पास एक और मिशन है। आइवी, समस्याओं का अनुमान लगाने की क्षमता टीम के लिए ज़रूरी है, जैसे तुमने तूफ़ानों का अनुमान लगाया था।

क्रिस्टीना

दोस्त, अब तुम हममें से एक हो। टीम में स्वागत है।

आइवी

तो क्या मैं बोलू? संसारी समस्याहारियों, चलो चलें!

शीर्षक: जारी रहेगा...

Americas Headquarters
Cisco Systems, Inc.
San Jose, CA

Asia Pacific Headquarters
Cisco Systems (USA) Pte. Ltd.
Singapore

Europe Headquarters
Cisco Systems International BV Amsterdam,
The Netherlands

Cisco has more than 200 offices worldwide. Addresses, phone numbers, and fax numbers are listed on the Cisco Website at **www.cisco.com/go/offices.**

Cisco and the Cisco logo are trademarks or registered trademarks of Cisco and/or its affiliates in the U.S. and other countries. To view a list of Cisco trademarks, go to this URL: www.cisco.com/go/trademarks. Third party trademarks mentioned are the property of their respective owners. The use of the word partner does not imply a partnership relationship between Cisco and any other company. (1110R)